A.N-47

दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरूक्षेत्र

नैक द्वारा प्रदत्त 'ए' ग्रेड

सूचना

दिनांक 22.06.2022

महाविद्यालय की एन०एस०एस० व एन०सी०सी० के संयुक्त तत्त्वाधान में ' विश्व ड्रग दिवस ' के अवसर पर 25 जून को शपथ ग्रहण गतिविधि का आयोजन किया जा रहा है। इस सन्दर्भ में सभी छात्राओं को सूचित किया जाता है कि 25 जून को 11:00 बजे महाविद्यालय के सभागार में पहुँच कर इस आयोजन को सफल बनाएं।

प्राचार्या

Principal
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra (Haryana)

एन०एस०एस० संयोजिकाएं
डॉ० सोनिया रानी
डॉ० रीतु

एन०सी०सी० संयोजिका
सुश्री विनिता

दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरूक्षेत्र
प्रैस नोट

दिनांक 25.06.2022

आज दिनांक 25.06.2022 को दयानन्द महिला महाविद्यालय की एन०सी०सी० व एन०एस०एस० के संयुक्त तत्वाधान में ' विश्व ड्रग्स दिवस ' के उपलक्ष्य में ' शपथ ग्रहण' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 100 छात्राओं ने शपथ ग्रहण की। महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मीनाक्षी ठकराल ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा– कि राष्ट्र को नशा मुक्त बनाने में सभी छात्राएं अपना सराहनीय सहयोग दें हमें अपने घर समाज को नशा मुक्त बनाना है। हम सब का यह कर्तव्य है कि यदि हमारे आस पास किसी को नशे की बुरी लत है तो हम उसे नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराएं उसके जीवन को नशा मुक्त कराकर स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन व्यतीत करने के लिए प्रेरित करें देश भर में नशे के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है। सभी मिलकर सामूहिक रूप से परस्पर इस मुहिम का हिस्सा बनकर नशा मुक्त स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में सहयोग करें। इस अवसर पर एन०सी०सी० अधिकारी सुश्री विनीता एन०एस०एस० अधिकारी डॉ रीतु उपस्थित रही व श्रीमती सरोज, श्रीमती रजवन्त, सुश्री ज्योति, सुश्री गरिमा, एवं डॉ रीजा इन सदस्याओं का भी इस कार्यक्रम में सहयोग रहा। इसी के साथ महाविद्यालय की छात्राओं ने चौ० रणबीर सिंह विश्वविद्यालय , जीन्द में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसमें भाषण प्रतियोगिता में कु० रचना, (एम०कॉम० द्वितीय वर्ष) प्रथम व कु० तन्नु (बी०एस०सी० द्वितीय वर्ष) द्वितीय रहीं तथा कविता पाठ प्रतियोगिता में कु० स्नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन उपलब्धियों के लिए महाविद्यालय की प्राचार्या ने युवा कल्याण परिषद की संयोजिका श्रीमती डॉ० सुमन राजन व सदस्याओं को बधाई दी व छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए इन उपलब्धियों के लिए शुभ आशीष दिया।

जिन्दगी को हाँ और नशे को ना कहें शपथ
Say Yes to Life, No to Drugs Pledge

शपथ पढ़िये | Read Pledge

हमें अहसास है कि हमारे देश में, विशेष रूप से युवाओं के बीच नशीली दवाओं का दुरूपयोग बढ़ता जा रहा है और ये चिंता का विषय है. हम शपथ लेते है कि हम नशीली दवाओं के दुरूपयोग की रोकथाम में सहयोग करेंगे। हम यह वचन देते है कि किसी भी प्रयोजन के लिए किसी भी प्रकार से हानिकारक अथवा अवैध पदार्थों का सेवन नहीं करेंगे।

हम प्रत्येक व्यक्ति, विशेषतः युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूकता पैदा करेंगे ताकि भारत का युवा वर्ग नशामुक्त जीवन-यापन कर सके और वे समाज के रचनात्मक एवं महत्वपूर्ण सदस्य बन सके।

आज हम प्रतिज्ञा करते हैं कि नशे से दूर रहेंगे और स्वस्थ जीवन-यापन करेंगे।

प्रेस नोट

आज दिनांक 25.6.2022 को दयानन्द महिला महाविद्यालय
एन॰ सी॰ सी॰ व एन॰ एस॰ एस॰ के संयुक्त तत्वाधान
में 'विश्व ड्रग्स दिवस' के उपलक्ष्य में 'शपथ ग्रहण' कार्यक्रम
का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 100 छात्राओं
ने शपथ ग्रहण की। महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती
मीनाक्षी कटराल ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि
राष्ट्र को नशा-मुक्त बनाने में सभी छात्राएँ अपना सराहनीय
सहयोग दें। हमें अपने घर-समाज को नशा-मुक्त बनाना है
हम सब का यह कर्तव्य है कि यदि हमारे आस-पास किसी को
नशे की बुरी लत है तो हम उसे नशे के दुष्प्रभावों से
अवगत कराए उसके जीवन को नशा मुक्त कराके स्वस्थ
एवं खुशहाल ~~मार्ग की ओर अग्रसर करें~~ जीवन व्यतीत
करने के लिए प्रेरित करें। देश भर में नशे के खिलाफ
मुहिम चलायी जा रही है। सभी मिलकर सामूहिक रूप से
परस्पर इस मुहिम का हिस्सा बनें ~~बन~~ कर नशा
मुक्त स्वच्छ राष्ट्र के निर्माण में सहयोग करें।
इस अवसर पर एन॰ सी॰ सी॰ अधिकारी सुश्री विनीता
एन॰ एस॰ एस॰ अधिकारी डॉ॰ ~~[illegible]~~ रीतु ~~उपस्थित रहीं~~ उपस्थित रहीं।
व श्रीमती रजवन्त, सुश्री ज्योति सुश्री, गरिमा एवं डा॰ सैजो
श्रीमती सरोज
एन सदस्याओं का भी इस कार्यक्रम में सहयोग रहा।
इसी के साथ महाविद्यालय की छात्राओं ने चौ॰ रणबीर
सिंह विश्वविद्यालय, जीन्द में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं
में भाग लिया जिसमें भाषण प्रतियोगिता में कु॰ रचना, M.COM
Final Year, प्रथम व कु॰ तन्नु, B.Sc II, द्वितीय रहीं।
तथा कविता पाठ प्रतियोगिता में कु॰ स्नेहा ने तृतीय
स्थान प्राप्त किया। इन उपलब्धियों के लिए ~~प्रा~~ महाविद्यालय

की प्राचार्या ने युवा कल्याण परिषद् की संयोजिका, श्रीमती डॉ० सुमन राजन, व सदस्याओं को बधाई दी व छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए उपलब्धियों के लिए शुभ आशीष दिया।